डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 234 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 10 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया

श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक

12, वसपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

## अब फार्म में आ रही चांदी

### रिकॉर्ड भाव: 1.15 लाख तक पहुंचने की संभावना



**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** कुछ समय पहले सोने के भाव में तेजी के साथ ही नए-नए रिकॉर्ड बन रहे थे। लेकिन, सोने के भाव ने फिलहाल थोड़ा ब्रेक ले लिया है। वहीं चांदी के भाव भी कुछ दिनों के लिए लगभग स्थिर रहे। लेकिन, एक बार फिर चांदी के भाव में बढ़ोतरी शुरु हो गई है। सोमवार को बाजार खुलने के बाद ही टंच चांदी की बात करें तो भाव बढक़र एक लाख एक हजार पांच सौ रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए। हालांकि इसके पहले शुक्रवार को टंच चांदी एक लाख दो हजार रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गई थी। इधर चांदी के भाव 01 लाख 15 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसका कारण चांदी की औद्योगिक डिमांड बढ़ना है।

चांदी के भाव में तेजी जारी है। सोमवार को बाजार खुलने से पहले शुक्रवार को भाव ने नए रिकॉर्ड बनाए और सराफा बाजार में चांदी 01 लाख 02 हजार रुपए प्रतिकिलो बिकी। यह पहला मौका है, जब चांदी के भाव ने इस स्तर को छुआ है। चांदी की चमक यहीं थमने वाली नहीं है। सोमवार को बाजार खुलने के बाद भी थोड़ी नरमी चांदी के भाव में देखी गई। चांदी के भाव एक लाख एक हजार पांच सौ रुपए किलो तक पहुंच गए। हालांकि व्यापारियों के मुताबिक भाव में आगे भी तेजी जारी रहेगी और चांदी के भाव 1 लाख 15 हजार रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच सकते हैं।

#### इस साल 12,700 रुपए प्रतिकिलो की तेजी...

शुक्रवार सुबह सराफा बाजार खुला तो चांदी के भाव 01 लाख 1300 रुपए प्रतिकिलो थे। इसके बाद इसमें तेजी आई और भाव 01 लाख दो हजार रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए और चांदी के भाव ने नए स्तर को छू लिया। शनिवार-रविवार बाजार बंद होने के बाद सोमवार शाम को टंच चांदी एक लाख एक हजार पांच सौ रुपए प्रतिकिलो थी। इस साल चांदी के भाव में 12 हजार 700 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई है। 01 जनवरी को सराफा बाजार में चांदी के भाव 89,300 रुपए प्रति किलो थे। वहीं इस महीने भाव में तेजी की बात की जाए तो जून में भाव में 3150 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई। 02 जून को इसके भाव 98,850 रुपए प्रतिकिलो थे।

#### इसलिए बढ़ रहे भाव...

सराफा व्यापारी रौनक मिंडा ने बताया कि आगे जियो पॉलिटिकल टेंशन कम हो रही है। इससे चांदी में इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ रही है। वहीं चाइना द्वारा लगातार चांदी की खरीदी की जा रही है। इससे भाव में तेजी आ रही है और चांदी रोज नए रिकॉर्ड बना रही है। यदि आगे भाव में तेजी की बात की जाए तो चांदी अगले दो महीने में 1.15 लाख रुपए प्रतिकिलो तक बिक सकती है।

#### सोने में ज्यादा तेजी नहीं...

चांदी के भाव भले ही हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। लेकिन, सोने के भाव में इतनी तेजी नहीं है। सोने के भाव इस महीने लगातार 97 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के आसपास बने हुए हैं। सराफा बाजार में सोने के भाव शुक्रवार को 97,400 रुपए प्रति दस ग्राम रहे। वहीं जेवराती सोना 89,200 रुपए प्रति दस ग्राम बिका। हालांकि व्यापारियों के मुताबिक सोने के भाव में भी आगे तेजी आएगी।

### इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में स्काई ब्लू संस्था द्वारा टेंडर शर्तों का उल्लंघन...

## बड़े अस्पताल में मरीजों को हाथों में परोसा जा रहा भोजन, नींद में जिम्मेदार






विशेष संवाददाता

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय के बड़े अस्पताल में डॉ. डीके शर्मा की सेवानिवृत्ति के साथ ही अव्यवस्थाओ का आलम एक बार फिर छाने लगा है। हालात यह हो गए है कि मरीजो को फिर से हाथो में खाना परोसा जाने लगा है। जिससे मरीज और उनके परिजन परेशान हो रहे है। जबकि, ठेकेदार कंपनी को ठेके की शर्त में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि स्टील की थाली में भोजन परोसा जाना है। लेकिन, जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे है।

इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय (बड़े अस्पताल) में हाउस कीपिंग (खानपान व्यवस्था) का जिम्मा संभाल रही निजी संस्था 'स्काई ब्लू' द्वारा टेंडर की शर्तों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। लेकिन, जिम्मेदार अधिकारी नींद में हैं। जिस संस्था को अस्पताल के लिए स्वच्छता पूर्ण खानपान सेवाओं का ठेका दिया गया है, वह टेंडर की शर्त का खुला मखौल उड़ा रही है। मरीजों को स्टील की थाली के स्थान पर हाथों में ही भोजन परोसा जा रहा है। जिससे मरीजों को परेशानी के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम भी उत्पन्न हो रहे हैं।

बता दें कि विधायक विपिन जैन ने जब इस अव्यवस्था को देखा था तो मरीजों के लिए स्वयं स्टील की थालिया उपलब्ध करवाई थी। ताकि उन्हें शुद्धतापूर्ण और सुरक्षित भोजन मिल सके। इसके बावजूद संस्था द्वारा लगातार मरीजों को हाथ में ही भोजन दिया जा रहा है। यह न केवल टेंडर की शर्तों का उल्लंघन है। बल्कि मानवता के खिलाफ असंवेदनशीलता है।

टेंडर शर्त संख्या 40 में साफ लिखा है कि संस्था द्वारा मरीजों को 'स्वच्छ खण्डवार स्टील की थाली' में ही भोजन परोसना होगा और भोजन के बाद थालियों का संग्रहण व सफाई की जिम्मेदारी भी संबंधित फर्म की ही होगी। इसके साथ ही शर्त संख्या 38 से लेकर 45 तक भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, निगरानी, वितरण प्रक्रिया, बर्तनों की सफाई, वेस्ट निपटान एवं कंटेनरों की देखभाल संबंधी विस्तृत प्रोटोकॉल निर्धारित किए गए हैं।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नवागत सिविल सर्जन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या वे इस लापरवाह संस्था को ब्लैक लिस्ट करेंगे या केवल एक औपचारिक नोटिस देकर उसे अभयदान दे देंगे? फिलहाल मरीजों को हाथ में परोसे जा रहे भोजन से संस्थागत लापरवाही और सरकारी तंत्र की निष्क्रियता उजागर हो रही है। सवाल यह है कि आखिर मरीजों की गरिमा की कीमत पर यह समझौता कब तक जारी रहेगा?

#### यह है नियम-कायदे...

✻ शर्त संख्या 38 में भोजन की गुणवत्ता निगरानी में, अस्पताल में परोसे जाने वाले भोजन की स्वच्छता, रख-रखाव, स्वाद, रूप–रंग, बनावट और तापमान जैसी विशिष्ट विशेषताओं को शामिल किया जाना होगा।

✻ शर्त 39 में सभी सेवा क्षेत्रों और प्रवेश बिन्दुओं में इन-हाउस कैमरा होना चाहिए, जो निरंतर निगरानी के लिये आहार विशेषज्ञ/ नोडल के कार्यालय से जुड़ा होना चाहिए, ताकि सभी तकनीकी प्रोटोकॉल की निगरानी/पर्यवेक्षण और पालन किया जा सके। कुशल प्रबंधन के लियें आहार विशेषज्ञ के कार्यालय/प्रशासनिक कार्यालय में निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरें की स्क्रीन लगाये जाने होगें।

✻ शर्त 40 में संबंधित फर्म को भोजन तैयार करने के उपरांत, ससमय वितरण कर मरीजों को स्वच्छ खण्डवार स्टील की थाली में भोजन उपलब्ध कराना होगा, उपयोग उपरांत संबंधित फर्म द्वारा मरीज को उपलब्ध कराई गई थाली के संकलन का दायित्व भी उसी फर्म का होगा।

✻ शर्त 41में एक बार भोजन वितरण और ट्रे का संग्रह पूरा हो जाने के बाद वार्ड के लिये आपूर्ति की गई आहार पर्ची/आहार रजिस्टर पर वार्ड के नर्स प्रभारी स्टॉफ नर्स से हस्ताक्षर लेने होगें।

✻ शर्त 42 में भोजन ट्रॉली वाहक के द्वारा भोजन ट्रॉली सफाई क्षेत्र के माध्यम से आयेगी और सीधे वाशिंग क्षेत्र में जायेगी। ट्रे को वाशिंग में डालने से पहले बचे हुये भोजन को एकत्र किया जायेगा और परिभाषित प्रोटोकॉल के अनुसार निपटान किया जाए। लौटाई गई ट्रे को गर्म पानी का प्रयोग करके पूर्व में धोया जाना चाहिए, ताकि वस्तुओं को साफ किया जा सके (धोने का तापमान 65 डिग्री सेल्सियस-70 डिग्री सेल्सियस, खंगालने का तापमान 85 डिग्री सेल्सियस - 95 डिग्री सेल्सियस)। बर्तनों को डिटर्जेंट से साफ किया जाना होगा और बाद में नल के स्वच्छ पानी से धोया जाना चाहिए।

✻ शर्त 43 में किचिन से उत्पन्न वेस्ट को एकत्रित किया जाना तथा समय अंतर्गत परिभाषित प्रोटोकॉल के अनुसार निपटान हेतु अलग किया जाना होगा।

✻ शर्त 44 में आपके द्वारा मोल्ड / फंगी और संक्रमण से मुक्ति सुनिश्चित करने के लिये सभी कंटेनरों को दिन के अंत में साफ किया जाना, धोया जाना और सुखाया जाना होगा।

✻ शर्त 45 में आपके द्वारा बर्तनों को साफ कपड़े से पोछना होगा। प्लेटों या बर्तनों की धूल हटाने के लिये हवा का उपयोग नहीं किया जायेगा, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाना होगा कि किसी भी बर्तन में कोई टूट-फूट न हुई हो।

✻ इन सभी शर्तों की अनदेखी 'स्काई ब्लू संस्था' द्वारा निरंतर की जा रही है। लेकिन, अस्पताल प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। अधिकारी धृतराष्ट्र की भूमिका में नजर आ रहे हैं।



## पिकअप पलटने से किसान की मौत, तीन लोग घायल

**मनासा, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। रामपुरा-मनासा रोड पर हाड़ी पिपलिया और घोटा पिपलिया के बीच एक लोडिंग पिकअप वाहन असंतुलित होकर पलट गया। वाहन में सवार चार लोगों में से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

घायलों की पहचान मोहनलाल पिता बद्रीलाल धाकड़, शिवलाल पिता राधेश्याम धाकड़ और लोकेश पिता प्रकाश धाकड के रूप में हुई है। हादसे में मृतक की पहचान हंसराज पिता बजरंग लाल धाकड़ के रूप में हुई है। सभी लोग राजपुरा झालावाड़ के रहने वाले हैं। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को मनासा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक हंसराज का पोस्टमार्टम करवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल कोई परिजन मौके पर नहीं पहुंचे है। घायल ने डॉक्टर को बताया कि वह सभी किसान है। पिकअप में सवार होकर आ रहे थे।

## 13 से तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी



**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में सोमवार को भी मौसम का मिजाज मिलाजुला रहा। सुबह तेज धूप और उमस से लोग खासे परेशान थे तो दोपहर होते होते आसमान में बादल छा गए, जो बारिश का अंदेशा जता रहे थे। हालांकि, शाम तक बारिश नहीं हुई। इधर मानसून की गति धीमी पड़ गई है। महाराष्ट्र से आगे नहीं बढ़ा है। दूसरे सप्ताह में भी मानसून आगे नहीं बढ़ेगा, लेकिन तीसरे सप्ताह में बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसकी वजह से मानसून आगे बढ़ेगा। पूरे महाराष्ट्र में मानसून छाएगा। साथ ही मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगा। मानसून आगे बढने पर तीसरे सप्ताह में प्री मानसून की हलचलों में तेजी आएगी। 13 जून से तीन दिन तक तेज आंधी व बारिश का दौर चल सकता है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

बताया गया है कि पिछले 11 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री लेट हो रही है। अगले 2 से 3 दिन तक मानसून के आगे बढने की संभावना कम ही है। यानी, मानसून 15 जून तक प्रदेश में प्रवेश कर सकता है।

बता दें कि इस बार भीषण गर्मी में भी आंधी-बारिश वाला मौसम रहा। प्रदेश में 26 अप्रैल से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया था, जो 8 जून को भी जारी रहा। यानी, लगातार 44 दिन से प्रदेश के किसी न किसी जिले में पानी गिर रहा है, या आंधी चल रही है। रविवार को भी कई जिलों में बारिश का दौर बना रहा।

## चाचा के हत्यारे भतीजा और बहू गिरफ्तार..!

### लाठियों से पीटकर उतारा था मौत के घाट

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेरखेड़ा में शनिवार को हुई बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस जांच में सामने आया है कि भतीजे दिनेश ने ही अपनी पत्नी के साथ मिलकर चाचा बंशीलाल को जमीन विवाद के चलते मौत के घाट उतारा था।

जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह करीब 8 बजे खेत पर जमीन की बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान 62 वर्षीय बंशीलाल पिता मन्नालाल गुर्जर को भतीजे दिनेश पिता बगदीराम गुर्जर ने लट्ठ से हमला कर गंभीर घायल कर दिया।

घटना के बाद परिजन बंशीलाल गुर्जर को गंभीर अवस्था में मंदसौर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पोस्टमार्टम हुआ और बंशीलाल का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिसिया तफ्तीश में सामने आया कि दिनेश ने अपनी पत्नी सूरजबाई के साथ मिलकर लट्ठ से पीटकर अपने चाचा की हत्या की है।

#### घटना के बाद से फरार थे पति-पत्नि...

मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र पंवार के मुताबिक जांच के बाद दिनेश और उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से दोनों पति पत्नी फरार थे जिन्हें पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। रविवार रात नीमच जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के मन्ना पिपलिया गांव से दिनेश और उसकी पत्नी सूरजबाई को हिरासत में ले लिया गया है। सोमवार दोपहर दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया गया।

## संपत्ति विवाद में भतीजों ने हथौड़े से किया था हमला, एक की मौत

### तीन अभी भी घायल, अनुकंपा नौकरी को लेकर थे नाराज

**नीमच, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मूलचंद मार्ग जायसवाल लाज के पीछे पांच खोली में हुए हमले में घायल बबलू हरिजन की सोमवार को निजी अस्पताल में मौत हो गई। 31 मई की रात को घर में चार लोग खून से लथपथ मिले थे। पुलिस ने चार घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

**संपत्ति विवाद और अनुकंपा नौकरी के लिए किया हमला–** आरोपी आयुष (19) और रोहित (22) पीड़ित बबलू के छोटे भाई सुनील झांझोट के बेटे हैं। जांच में पता चला कि संपत्ति विवाद और अनुकंपा नौकरी के लिए दोनों ने हथौड़े से हमला किया था। आरोपियों ने बताया कि उनकी दादी गीताबाई उन्हें उनका हिस्सा नहीं देना चाहती थी। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया। हमले में बबलू के अलावा उनकी मां गीताबाई, बबलू की बहन शीला का बेटा धनराज और धनराज की पत्नी सपना हरिजन घायल हुए थे। सभी को पहले बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल रेफर किया गया।

#### दोनों आरोपियों ने कबूला अपना जुर्म...

शिला हंस की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। मुखबीर तंत्र और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। बबलू की मौत के बाद अब मामला हत्या का दर्ज किया गया है। अन्य तीन घायलों का इलाज जारी है। सोमवार सुबह बड़े अस्पताल में बबलू के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।

## बिजली विभाग के एई को भाजपा नेता राम कोटवानी ने धमकाया

### सीने में दर्द के बाद अचेत अवस्था में निजी अस्पताल में कराया भर्ती

### घर के बिजली बिल को कम करने के लिए फिर भाजपा नेता ने दिखाई दादागिरी

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा नेता और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम कोटवानी के खिलाफ धोखेबाजी, मारपीट, अवैध कब्जा, धमकाना सहित कई धाराओं में अलग-अलग मामले अभी तक थानों में दर्ज हो चुके हैं। इस दौरान राम कोटवानी लंबे अंतराल तक जैल में भी रहे। लेकिन इसके बाद भी उनका विवादों से नाता नहीं छूट रहा। राजनीतिक पॉवर और रसूख के दम पर अभी तक गरीबों और आम जनता के साथ विवादों में उलझने वाले राम कोटवानी अब अधिकारियों से भी उलझते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला मप्रविविकं के मंदसौर के सहायक यंत्री पीयूष पंवार से जुड़ा है। पीयूष पंवार से राम कोटवानी का खुद के बिजली बिल कम करवाने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद राम कोटवानी ने पीयूष पंवार को जमकर धमकाया। जिसके बाद श्री पंवार की तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत के बाद अचेत अवस्था में उन्हें शहर के निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है।

#### बिजली बिल कम करवाना चाहता था राम...

मामला बिजली बिल से जुड़ा हुआ है। राम कोटवानी खुद के घर का बिजली का बिल कम करवाने लिए पीयूष पंवार से मिले थे। पीयूष पंवार का कहना था कि कागजी कार्रवाई और नियमानुसार एक प्रक्रिया के तहत पूरा काम होगा। इसी बात को लेकर राम कोटवानी ने अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए अधिकारी को धमकाया।

#### शहर कोतवाली पुलिस को की शिकायत...

इस मामले में एमपीएबी एई पीयूष पंवार ने शहर कोतवाली थाने में आवेदन के जरिए शिकायत की है। जिसमें कहा हैं कि 09 जून सोमवार को राम कोटवानी कार्यालय आए। बिना किसी आवेदन दिए बिल क्रमांक 3351026863 संबंधित कार्य को लेकर उत्तेजना में आकर अभद्र व्यवहार किया गया। जबकि पूर्व में इनके परिसर पर कर्मचारी भेज कर समस्या हल करने का प्रयास मेरे द्वारा किया गया। परिसर पर मीटर बदलने के लिए कर्मचारी को भेज कर स्थाई हल निराकरण हेतु कार्यवाही की गई। राम कोटवानी द्वारा मीटर नहीं बदलने दिया व कार्यालय में आकर कहा- शहर का प्रथम नागरिक हूं। ढंग से नौकरी कर ले वरना सस्पेण्ड कर दूंगा। राम कोटवानी ने कहा की मैं जिसके पीछे पड़ जाता हूं उसको छोड़ता नहीं हूं। मैं बहुत जिद्दी आदमी हूं। आवेदन में पीयूष पंवार ने कहा कि मुझे मानसिक तनाव होने पर आपातकाल में सिद्धी विनायक अस्पताल में कर्मचारियों द्वारा आईसीयु में भर्ती करवाया गया। राम कोटवानी द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार कि गतिविधी की गई थी, जिसका रिकार्ड थाने में दर्ज है। आवेदन में कार्रवाई की मांग की गई है।

#### धमकाया, कहा कि हाथ धोकर पीछे पड़ जाऊंगा...

हमने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती सहायक यंत्री पीयूष पंवार से बात की। उन्होंने बताया कि बिजली बिल कम करवाने को लेकर एक प्रक्रिया होती है। राम कोटवानी को कहा गया था कि एक प्रक्रिया के तहत मीटर बदलकर खपत के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। इसके बाद निर्णय ऊपर से होगा। लेकिन, राम कोटवानी अनावश्यक दबाव बनाने लगे। उनका कहना था कि तुम मुझे जानते नहीं हो। मैं हाथ धोकर पीछे पड़ जाऊंगा। मेरा काम करना ही पड़ेगा। राम कोटवानी ने इस तरह से अधिकारी पंवार पर दबाव बनाया और धमकाया कि उनके सीने में दर्द की शिकायत हुई। वह लगभग अचेत अवस्था में हो गए। इसके बाद उन्हें शहर के निजी अस्पताल लाया गया। पीयूष पंवार ने बताया कि राम कोटवानी अत्यधिक दबाव बना रहे थे। जिसके बाद मुझे सीने में दर्द होने लगा। इसके बाद मुझे अस्पताल कौन लेकर आया, यह भी मुझे पता नहीं है।


## ज्योतिष: मंगल ने कर्क छोड़ सिंह राशि में प्रवेश किया

### आमजन के गुस्से में आएगी कमी, 28 जुलाई तक रहेगी स्थिति

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** मंगल ग्रह को ऊर्जा, साहस, पराक्रम, विवाह, भूमि, रक्त और गुस्से का कारक माना गया है। 07 जून को रक्त, भूमि और पराक्रम का कारक ग्रह मंगल अपनी नीच राशि कर्क को छोड़कर सूर्य की राशि सिंह में प्रवेश कर गया, अब वह 28 जुलाई तक भ्रमण करेगा। ज्योतिषविदों के अनुसार 20 अक्टूबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक और फिर 2 अप्रैल 2025 से 6 जून 2025 तक लगभग छह महीनों तक अपनी नीच राशि कर्क में भ्रमण कर रहे मंगल के अपनी नीच राशि को छोड़ते ही मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक और धनु और मीन राशि के जातकों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

इसके साथ-साथ 20 अक्टूबर 2024 से परेशान चल रहे लगभग हर जातक को सिंह राशि मंगल सकारात्मक परिणाम देगा। करीब 8 महीनों से शारीरिक और आर्थिक रूप से परेशान लोगों के लिए भी सिंह राशि मंगल राहत लेकर आएगा। जानकारों ने बताया कि गोचर में मंगल का अपनी नीच राशि को छोड़ते ही आमजन में क्रोध में कमी आएगी, सडक़ और अग्नि जैसी दुर्घटनाओं के साथ-साथ तनाव में कमी दिखाई देगी। हालांकि सिंह राशि में मंगल केतु से मिलेगा और राहू से सप्तम दृष्टियोग और मीन राशि शनि से षड़ाष्क नामक अशुभ योग भी बनाएगा, जो कुछ राशियों के लिए अशुभ प्रभाव दिखा सकता है। 28 जुलाई 2025 तक यह योग बना रह सकता है।

जानकारों के अनुसार विश्व स्तर पर बने हुए तनाव के कारण तीसरे विश्व युद्ध




की आंशका जाहिर की जा रही है। लेकिन, वर्तमान गोचर के अनुसार 2029 या 2030 से पहले तीसरा विश्व युद्ध होने की आशंका नहीं है। लेकिन, 28 जुलाई 2025 तक भारत-पाकिस्तान तनाव बना रह सकता है।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव: नहीं बैठ पा रहा 45 के फेर का गणित

**✲ हेलोजन लेकर भी गाइड लाइन वाला जिलाध्यक्ष मिलना मुश्किल ✲ छह नाम पैनल में जाना तय, कईयों के सपने में आ रही कुर्सी**

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस में जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर बड़ी उठापटक चल रही है। कई नेताओं को नींद में जिलाध्यक्ष की कुर्सी नजर आ रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस की गाइड लाइन के हिसाब से 35 से 45 वर्ष की उम्र के जिलाध्यक्ष बनाए जाएंगे। लेकिन, इस 45 के फेर का गणित जिले में बैठाना कांग्रेस के लिए मुश्किल है। इसका कारण है कि लगभग सभी दावेदार 45 की उम्र को क्रास कर चुके हैं।

### यह नाम जा सकते हैं पैनल में...

मंदसौर में जिलाध्यक्ष की दौड में शामिल नेताओं की बात करें तो मनजीत सिंह मनी, सुरेन्द्र कुमावत, दीपकसिंह गुर्जर, राजेश रघुवंशी, महेंद्रसिंह गुर्जर, राकेश पाटीदार, सोमिल नाहटा और रुपल संचेती जैसे नाम सामने आ रहे हैं। चर्चा है कि ओबीसी वर्ग की बात करें तो इसमें दीपकसिंह गुर्जर, सुरेन्द्र कुमावत का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वहीं पैनल में एक महिला का नाम जाना लगभग तय है। जिसके कारण रुपल संचेती के नाम पर भी मुहर लगने की संभावना है। वहीं राजेश रघुवंशी और सोमिल नाहटा लंबे राजनीतिक अनुभव और पार्टी के लिए दे रहे सेवाओं के दम पर दावेदारी कर रहे हैं।

### 35 से 45 वर्ष की उम्र के होंगे जिलाध्यक्ष...

प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश में अब कांग्रेस जिला अध्यक्ष 35 से 45 वर्ष की उम्र के होंगे। तकनीकी रूप से सक्षम और सोशल मीडिया पर सक्रिय युवा नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। विशेष परिस्थिति में वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया जा सकता है। कांग्रेस ने हर जिले से जिला अध्यक्ष के लिए 6 नामों का पैनल बनाने का निर्णय लिया है। इनमें अजा, अजजा, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला और दो अन्य वर्गों के उम्मीदवार शामिल होंगे। प्रदेश प्रभारी चौधरी ने एआइसीसी और पीसीसी पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिले में तय समय पर जाएं और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक में भाग लें। पैनल बनाएं। पर्यवेक्षक 20 जून को पहली रिपोर्ट एआइसीसी को भेज दें।

### पर्यवेक्षकों ने पूछा- नए नेता दावेदार तो क्या करें...

मीटिंग में एक पर्यवेक्षक ने पूछा कि यदि कोई नेता दो साल पहले पार्टी में शामिल हुआ। वो पार्टी में काम भी कर रहा है और यदि वह जिला अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर रहे है तो हमें क्या करना चाहिए? इस पर हरीश चौधरी ने कहा, जिला अध्यक्ष के लिए दावेदारी करने वाला व्यक्ति कम से कम 5 साल से पार्टी में काम करने वाला होना चाहिए।

### भीतरघात की शिकायत तो नहीं कर पाएंगे दावेदारी...

बैठक में एक पर्यवेक्षक ने पूछा कि जिनके खिलाफ भितरघात और चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें हैं, वे यदि दावेदारी कर रहे हैं तो क्या करना होगा? इस पर हरीश चौधरी ने कहा- यदि 5 साल के भीतर चुनावों में भितरघात की शिकायतें है और वे शिकायत सही हैं तो ऐसे लोगों को पैनल में नहीं जोड़ना चाहिए।

### किसी नेता के होटल में न रुकें, सुविधाओं का लाभ न लें...

प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा चाहे एआईसीसी के ऑब्जर्वर हों या पीसीसी के पर्यवेक्षक हों। कोई भी किसी जिले में किसी नेता के होटल और घर पर न रुकें। न ही किसी स्थानीय नेता के साथ दौरे करें। आपके पूरे प्रवास की व्यवस्था एआईसीसी के निर्देश पर कराई जा रही है।



# शिवना शुद्धिकरण अभियान का द्वितीय चरण शुरू, शिवना पुत्रों ने रोपे तट पर 100 पौधे

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान का द्वितीय चरण 9 जून को शुरू हुआ। शिवना नदी कि किनारे शिवना पुत्रों ने 100 पौधे रोपे। यह पौधे लगाने का क्रम निरंतर जारी रहेगा तथा इन पौधों को बढ़ा किया जाएगा जिससे शिवना के तट सुंदर होंगे वहीं शिवना नदी का कटाव भी बंद होगा। साथ ही सोमवार को झांडिया काटने व गड्ढे खोदने का क्रम भी जारी रहा।

विधायक श्री विपिन जैन ने बताया कि 40 दिन में शिवना शुद्धिकरण अभियान में हर आमजन का सहयोग मिला है। सभी ने बढ़चढ़कर श्रमदान किया है। जिससे शिवना साफ हुई है। इस अभियान में महिलाएं, बुजुर्गजन, आमजन, समाजजन, सामाजिक कार्यकर्ता, सभी राजनीतिक पार्टी के व्यक्तियों ने अपनी सहभागिता की है। अब शिवना शुद्धिकरण के साथ ही शिवना के सौंदर्यीकरण का कार्य भी शुरू किया गया है। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि शिवना के तटों पर लाईनिंग कर गड्ढे खोदे गये उसके पश्चात् आज 9 जून को 100 पौधे रोपे गये है। इन पौधों में बांस, अर्जुन और जामून के पौधे लगाये गये है। साथ ही इनका संरक्षण भी किया जाएगा तथा इन्हें बढ़ा किया जाएगा जिससे नदी की सौंदर्यता व हरियाली बढ़ेगी व पर्यावरण भी शुद्ध होगा। सोमवार को श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन, वन विभाग से जितेन्द्रसिंह पंवार, पुष्कर मालवीय, नारायणसिंह बापू, सत्तु चौकीदार, यातायात सलाहकार संघ मंदसौर के राजेन्द्र शर्मा, गोवर्धनलाल, वरूण पाटीदार, मदनलाल टोलखेड़ी, समाजसेवी मनीष भावसार, महेश दुबे, रामचंद मालवीय, नमन पालीवाल, राकेश जैन पिंटू, विजय आनंद, हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, हरजीतसिंह, सूरजसिंह सिसौदिया, महेशनाथ भाटी, घनश्याम भावसार, उमेशसिंह बेस, धारियाखेड़ी गांव से सुरेश पाटीदार, रमेश पाटीदार, महिला नेत्री रफत पयामी, इष्ट भाचावत, अनिता भदौरिया, वर्षा दोसरिया, मीना चौहान, गीताली पोरवाल, दीपाली पोरवाल, कांग्रेसजन विकास दशोरा, राजनारायण लाड़, साबिर इलेक्ट्रीशियन, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, मनोहर नाहटा, मूलचंद पाटीदार, अजय सोनी, शैलेन्द्र गोस्वामी, नितनेस बसेर, राकेश सेन, गणपत कुमावत, महेश गुप्ता, राजेश चौधरी, मुकेश पाटीदार, सादिक गौरी, राकेश पाटीदार, अशोक राव, श्याम साल्वी, शिवशंकर सोलंकी, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा, राजाभाई सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।



# एनसीसी का दूसरा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**कैडेटस को सैन्य अनुशासन के साथ पर्यावरण चेतना का भी जागरण, हर कैडेट लगाएगा एक वृक्ष और अपने स्वास्थ्य के लिए करेगा योग**

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** 5 म.प्र. बटालियन एनसीसी, मंदसौर द्वारा आयोजित की जा रही दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 08 जून से हुआ, और 17 जून तक चलेगा। शिविर में मंदसौर और नीमच जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेटस भाग ले रहे हैं।

यह शिविर केवल एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवा कैडेटस के व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व को जाग्रत करने का एक समग्र प्रयास है। शिविर की शुरुआत उत्साहपूर्वक हुई, जहाँ कैडेटस ने अनुशासन, एकता और सेवा भावना का परिचय दिया। शिविर के दौरान कैडेटस को हथियार संचालन, मैप रीडिंग, फिजिकल ट्रेनिंग, ग्रुप एक्टिविटी, और फील्ड क्राफ्ट जैसे सैनिक विषयों के साथ-साथ आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे जीवनोपयोगी विषयों पर भी विशेषज्ञ व्याख्यानों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह शिविर राष्ट्रभक्ति के साथ हरियाली और स्वास्थ्य का संगम हैं। कैडेटस द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। प्रत्येक कैडेट को एक पौधा लगाने देखरेख की जिम्मेदारी भी सौपी गई। साथ ही जल संरक्षण, प्लास्टिक उन्मूलन, और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर भी विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। कमान अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी केवल परेड और अनुशासन नहीं सिखाती, यह राष्ट्र निर्माण की शिला है। आज के कैडेटस कल के सैन्य अधिकारी, वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासक और समाज सुधारक बनेंगे। उन्होंने कहा, हर एनसीसी कैडेट में देश सेवा का जज्बा है। वे संकट की घड़ी में न केवल सैनिकों का साथ देने को तैयार हैं, बल्कि आम नागरिकों के मदद के लिए भी तत्पर हैं, प्रेरणा हैं। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, विविधता में एकता और सामाजिक समरसता के संदेश भी दिए जा रहे हैं। साथ ही कैडेटस को समाज के कमजोर वर्गों की सेवा के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। यह वार्षिक शिविर युवा पीढ़ी में अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व और पर्यावरणीय जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को सशक्त करने का सशक्त मंच बनकर उभरा है। इस शिविर में प्रदेश के अनेक गणमान्य व्यक्तियों से भी बच्चों की बात चीत आयोजित की जा रही है।

## श्री कियावत ने कुश्ती प्रतियोगिता में पुरस्कार बांटे

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** दूधन सैय्यद दरगाह परिसर में रविवार को ईद के दूसरे दिन कौमी एकता दंगल (कुश्ती प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अनिल कियावत एवं समाजसेवी श्री नाहरूभाई मेव इंजीनियर ने एक प्रतियोगिता में कुश्ती जितने वाले पहलवानों को मेडल प्रदान किये। इस अवसर पर समाजसेवी कुणाल श्रीवास्तव, मनोज चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि साहिल मेव ने भी सहभागिता की और पुरस्कार वितरित किये। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का माला पहनाकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर बाबू खां उस्ताद, रूस्तम उस्ताद, अफजल हुसैन शाह के द्वारा किया गया।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर शादी करवाने वाले को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर नाबालिग की शादी कराने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व गांव बही पार्श्वनाथ से एक नाबालिग बालिका की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि चीताखेड़ा, हाल मुकाम बघाना नीमच निवासी पंकज (24) पिता देवीलाल रैगर ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर नाबालिग की विष्णु नामक युवक से शादी करवाई थी। इसके बाद पिपलियामंडी पुलिस ने आरोपी पंकज को गिरफ्तार किया। जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए।

# छोटी करेंसी के नोट व सिक्कों की कमी को दूर करने के लिये रिजर्व बैंक को दिया जाएगा ज्ञापन

**फुटकर किराना व्यापारी संघ की बैठक सम्पन्न**

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** फुटकर किराना व्यापारी संघ, मंदसौर की साधारण सभा अध्यक्ष अशोक कुमार कामरिया की अध्यक्षता रविवार को श्री महाराजा अग्रसेन मांगलिक भवन नरसिंहपुरा मंदसौर पर सम्पन्न हुई।

बैठक में समस्त किराना व्यापारियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। बैठक के दौरान व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में बताया कि छोटी करेंसी 5 व 10 रू. के नोट एवं सिक्कों की काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है। जिससे किराना व्यापारियों को व्यापार के दौरान लेनदेन में समस्या आ रही है। बैठक में निर्णय लिया कि जल्द ही बैंकों के माध्यम से रिजर्व बैंक को लिखकर मंदसौर में छोटी करेंसी के नोट व सिक्कों की उपलब्धता कराने की मांग की जाएगी। बैठक में रिपैकिंग माल की 3 माह की सैम्पल की बजाय साल भर के सैम्पल देने का सुझाव भी दिया गया जिस पर भी संबंधित विभाग से चर्चा कर इसका समाधान कराने का निर्णय लिया। बैठक में धानमण्डी में पार्किंग की समस्या, नाप तौल संबंधी समस्या सहित अन्य समस्याओं को लेकर भी विचार विमर्श किया व निर्णय लिये गये। बैठक में फुटकर किराना व्यापारी संघ मंदसौर के अध्यक्ष अशोक कामरिया का सभी ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर किराना व्यापारी दृष्टनंद नैनवानी, मनोहर नैनवानी, अशोक लवाणी, राजेश चाहूजा, देवेन्द्र अग्रवाल, रिकबचन्द्र



जैन, दीपक जैन, राजेश अग्रवाल, अनिल मालू, संजय जावा, वासु कोठारी, सुरेश कोठारी, संजय जैन, भगवानदास (आकाश), महेश ज्ञानानी, ज्ञानचंद तरवेचा, सुधीर पारिख, चीनुभाई पोरवाल, दीपक पारिख एनएन, राजेश डोसी, राजेश वेलकम, अशोक मेहता, राजेश जैन, बाबूलाल नटखट, अजय मेहता, महावीर किराना, नूतन फरक्या, मनीष अग्रवाल, आशु अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आसनदास सेवलदासानी, विनोद सेवलदासानी, गोविन्द सोमानी, श्याम पोरवाल सहित ढाई सौ से अधिक किराना व्यापारी मौजूद थे। संचालन अशोक लवाणी ने किया व आभार महासचिव राजेश चाहूजा ने माना।

## देव स्थान की 5.47 हेक्टेयर जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

**नीमच, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शासन संधारित मंदिरों की भूमियों के संरक्षण के अभियान के तहत शासकीय एवं देवस्थानों की जमीनों का संरक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर, श्रीमती लक्ष्मी गामड़ एवं अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, मनासा श्री पवन बारिया के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार, कुकडेश्वर द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों में गठित दल द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, माणक चौक, रामपुरा की ग्राम-भाटखेड़ी खुर्द स्थित भूमि सर्वेनम्बर-257 रकबा 2.14 हेक्टर, सर्वेनम्बर-258 रकबा 1.78 हेक्टर, सर्वेनम्बर-259 रकबा 1.550 हेक्टर कुल रकबा 5.47 हेक्टर भूमि पर अतिक्रामक द्वारा वर्षो से देवस्थान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, माणक चौक, रामपुरा की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को छुड़वाया जाकर जमीन को सोमवार को प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में लेकर वर्तमान पुजारी को भूमि का कब्जा दिलवाया गया है।

## पुस्तकालय, अनुसंधान एवं संदर्भ समिति 22 एवं 23 जून को मंदसौर जिले के अध्ययन दौरे पर रहेगी

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि पुस्तकालय, अनुसंधान एवं संदर्भ समिति का मन्दसौर जिले का 22 जून 2025 एवं 23 जून 2025 का अध्ययन दौरे पर रहेंगे। पुस्तकालय, अनुसंधान एवं संदर्भ समिति का दोपहर 2 बजे भोपाल से मंदसौर के लिए प्रस्थान कर सांय 7 बजे मंदसौर आएंगे एवं रात्री विश्राम करेंगे।

23 जून 2025 को प्रात: 8 बजे पुस्तकालय, अनुसंधान एवं संदर्भ समिति की बैठक कर प्रात: 8:30 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन करेंगे व प्रात: 9:30 बजे कांफ्रेंस हाल में कलेक्टर के साथ बैठक करने के पश्चात प्रात: 10 बजे मंदसौर से सितामऊके लिए प्रस्थान करेंगे और प्रात: 10:45 पर सितामऊआगमन एवं श्री नटनागर शोध संस्थान में पुस्तकालय का अवलोकन करेंगे व दोपहर 12 बजे पुस्तकालय के साथ संयुक्त बैठक करेंगे तथा सांय 5 बजे सितामऊसे उज्ज्ैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मप्र शिक्षक संघ के उज्जैन संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना चुने गये



**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के उज्जैन संभागीय चुनाव निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गुप्ता(बड़वानी) और पर्यवेक्षक श्री रामरतन सिंह चौहान(राजगढ़) ने निष्पक्ष निर्विरोध सम्पन्न करवाये।

संभाग में मंदसौर जिले ने परचम लहराया जिसमें संभागीय अध्यक्ष श्री शंकरलाल आंजना, प्राचार्य शा.उ.मा.वि.अफजलपुर, सचिव श्री दिग्विजय सिंह (तराना), कोषाध्यक्ष श्री राधेश्याम शर्मा(आगर मालवा), उपाध्यक्ष श्री सुनील कुमार सोनावा(बरलावती), सह सचिव श्रीमती राधा व्यास (देवास) चुने गये। सदस्य श्री संजय द्विवेदी, श्री संजय राठौर, श्री सुभाष सेठिया(उज्जैन), श्री पंकज गेहलोत (बीएसी बीआरसी मंदसौर) निर्वाचित हुए। मनोनीत सदस्य सुश्री नेहा पटवा(आगर मालवा), श्री बाबूलाल मेघवाल का चयन हुआ। उक्त चुनाव में उज्जैन संभाग के मंदसौर, नीमच, रतलाम, देवास, शाजापुर, आगर मालवा और उज्जैन इन सभी जिलों की कार्यकारिणी ने हिस्सा लिया। निर्वाचन प्रांतीय संगठन मंत्री श्री हिम्मत सिंह जैन, प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद कुमार पुनी और प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार के सान्निध्य से संभव हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री विक्रम शर्मा, जिला सचिव श्री भरत लाल पोपंडीया, जिला कोषाध्यक्ष श्री कांतिलाल राठौर, जिला संगठन मंत्री श्री मोतीलाल फरक्या और जिले की संपूर्ण कार्यकारीणी तथा समस्त ब्लॉक से पधारे हुए सभी शिक्षक साथियों ने जो एकजुटता और जो विश्वास जताया स संभाग के समस्त जिलों ने श्री आंजना की अपार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

# हर छात्रा 10 बच्चियों को तैयार करें तो कन्या कौशल शिविर अभियान जल्दी सफल होगा-दुबेला

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पांचवा कन्या कौशल शिविर गायत्री शक्तिपीठ गौतम नगर कालाखेत में संचालित किया जा रहा है। उसी कड़ी में शिविर के चौथे दिवस पर मंदसौर कमर्शियल बैंक के अध्यक्ष विनय दुबेला ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपको जो भी शिक्षा भारतीय संस्कृति की मिल रही है ऐसी शिक्षा वर्तमान समय में बहुत ही मुश्किल है। गायत्री परिवार ने पूरी दुनिया के अंदर गायत्री महामंत्र यज्ञ एवं संस्कारों का बीजारोपण करते हुए घर-घर गायत्री को पहुंचा दिया है। इस शिविर की सार्थकता जब भी संभव है जब हम मिलकर अपने गांव जाकर इन बातों को अपने तक सीमित न रखते हुए कम से कम 10 बच्चियों को इसकी प्रेरणा का संकल्प लेकर आने वाले शिविर में उनको आमंत्रित करेंगे। 21वीं सदी नारी सदी है इसको हमें आंखों को देखने का अवसर



मिल रहा है। प्रत्येक क्षेत्र में बच्चियों अव्वल स्थान प्राप्त कर रही हैं। अभिनेश शस्त्र उठाने की भी आवश्यकता पड़ेगी। कलम के साथ शस्त्र भी आवश्यक है सुरक्षा के साथ हमें प्रत्येक क्षेत्र में आगे आना है। सभी बच्चों ने संकल्प लिया है कि हम गांव गांव जाकर वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान शिक्षा स्वावलंबन और अपने जीवन में प्रार्थना को स्थान देंगे बिना भजन भोजन नहीं बिना अध्ययन शयन नहीं यह हमारे जीवन का संकल्प होगा।

शिविर में गायत्री परिवार के दिलीप माहेश्वरी, पवन गुप्ता, निशा धनोतिया, श्रीमती रेखा सिंह एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला सेठिया अपनी विशेष सेवाएं प्रदान कर रहे हैं इस कार्यक्रम को और गति देने के लिए पन्नालाल मालवीय द्वारा बच्चियों को अखंड ज्योति पत्रिका युग निर्माण पत्रिका की जानकारी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम का समापन बजे गायत्री शक्ति पीठ पर रखा जाएगा इसमें एफसीआई के डायरेक्टर मदनलाल राठौड़ एवं सेवा भारती से जुड़े हुए आरएसएस के वरिष्ठ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रविंद्र पांडे, जन अभियान परिषद की वरिष्ठतृप्ति बैरागी पहुंचकर कार्यक्रम में विदाई का बच्चों को उद्घोषणा करेंगे। शिविर के अंदर बच्चों ने बड़ी निष्ठा के साथ पूरे समय हवन मंत्र योग अभ्यास प्राणायाम के साथी जीवन मूल्यों के सिद्धांत जैसे बच्चों ने 80 बच्चों ने शिक्षण को प्राप्त किया है। यह जानकारी गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के प्रमुख पवन गुप्ता ने दी।

## जलवायु संवर्धन परिषद जिला अध्यक्ष व जिला सदस्यों ने पौधारोपण कर उन्हें वृक्ष बनाने का लिया संकल्प

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एक पेड माँ के नाम को पूर्ण करने के उद्देश्य से एक पेड माँ के अभियान के अंतर्गत पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में परिषद के मध्यप्रदेश अध्यक्ष हीरालाल पाटीदार व सचिव ओमप्रकाश दय्या के आह्वान पर परिषद की जिला समिति द्वारा मंदसौर जिले के नगर, भैसोदामंडी, सीतामऊ, पिपलियामंडी, भानपुरा, कैलाशपुर, सेजपुरिया, दावतखेडी, भरड़ावद सहित अनेक जगह पीपल, नीम, बिल्वपत्र, आम, शीशम, गुलमोहर के पौधे रोपित कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम 2025 लागू

**नीमच, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना 5 मई 2025 द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम 2025 लागू की गई है। इस योजना के तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिये किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रूपये तक की रकम के नगदी उपचार का हकदार होगा। इस स्कीम के अधीन नाम निर्दिष्ट अस्पाताल के अतिरिक्ते किसी अन्य अस्पताल में उपचार केवल स्थितीकरण प्रयोजनों के लिये किया जावेगा और यह मार्गदर्शी सिद्धांतों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

नाम निर्दिष्ट अस्पिताल पीडित को अस्पताल लाए जाने पर तुरंत चिकित्सा उपचार शुरू करेगा एवं उसे प्रशासित करेंगा। इस स्कीम के अधीन पीडित को छुट्टी मिलने के बाद यथास्थिति नाम निर्दिष्ट अस्पताल या स्थिरीकरण उपचार करने वाला ऐसा अन्य अस्पताल, पोर्टल पर उपचार पैकेज की लागत के भुगतान के लिये राज्य स्वास्थ्य अभिकरण द्वारा ऐसी यथाविनिर्दिष्ट रीति और ऐसे दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करेगा। राज्या स्वास्थ्य अभिकरण पोर्टल पर लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों के लिए और नाम निर्दिष्ट अस्पताल को प्रदान किए जाने वाले दावे को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से अनुमोदित करेगा या पूर्ण रूप से आंशिक रूप से खारिज करेगा और नाम निर्दिष्टे अस्पताल या ऐसे अन्य अस्पताल को उपलब्ध कराएगा। भुगतान, ऐसे अभिकरण या प्राधिकरण द्वारा निधि के संबंधित खाते से उपखण्ड (4) के अधीन राज्य स्वास्थ्य अभिकरण के अनुमोदित भुगतान की प्राप्ति की तारीख से 10 दिन की अवधि के भीतर किया जाएगा।

# आंचलिक पत्रकार संघ का जिला सम्मेलन आज होगा

**प्रदेश व जिले के जनप्रतिनिधियों व संघ के प्रदेश पदाधिकारियों का मिलेगा मार्गदर्शन**





**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** आंचलिक पत्रकार संघ म.प्र. का जिला सम्मेलन आज 10 जून, मंगलवार को प्रात: 10.30 बजे संस्कार मैरिज गार्डन मंदसौर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश व जिले के जनप्रतिनिधियों सहित संघ के प्रदेश पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिलेगा।

आंचलिक पत्रकार संघ प्रदेश सचिव अब्दुल वाहिद रईस, प्रदेश सह सचिव गायत्री प्रसाद शर्मा, कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष प्रकाश बंसल, संभागीय उपाध्यक्ष जगदीश पंडित, जिलाध्यक्ष तुलसीराम राठौर व महासचिव राधेश्याम बैरागी ने बताया कि जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित को आमंत्रित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश टांक करेंगे। विशिष्ट अतिथिगण के रूप में प्रदेश कांग्रेस के सचिव श्री सोमिल नाहटा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगरपालिका मंदसौर अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्री मानसिंह माच्छोपुरिया, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री अनिल कियावत, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश सचिव श्री धीरज पाटीदार, समाजसेवी श्री नाहरूखां मेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री विजय सुराणा, शा. महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, जिला पंचायत मंदसौर की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका मुकेश गोस्वामी, कांग्रेस नेता जिला पंचायत सदस्य श्री दीपक गुर्जर, आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव श्री अभय सुराणा, आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्षगण श्री रमेश पाठक आलोट, श्री रमेश गोयल नामली, संभागीय अध्यक्ष श्री रामचन्द्रगिरी उज्जैन को आमंत्रित किया गया है। जिला आंचलिक पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला सम्मेलन में पत्रकारों की समस्या, पत्रकारिता की चुनौती आदि विषयों पर आमंत्रित अतिथिगण प्रकाश डालेंगे। आंचलिक पत्रकार संघ के, जिला अध्यक्ष तुलसीराम राठौर व महासचिव राधेश्याम बैरागी, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बटवाल, जेपी तेलकार, श्याम शर्मा, जिला प्रवक्ता विजयेंद्र फ़ाफरिया, जिला सचिव पंकज शर्मा, मुकेश आर्य, जिला संगठन मंत्री मंगलेश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष प्रतीक व्यास, सह सचिवगण दीपक माली, ललित शंकर धाकड़ नरेंद्र राठौर ने आंचलिक पत्रकार संघ के जिला पदाधिकारीगण, सदस्यगण से जिला सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 41 | 2086 | 2296 |
| उड़द | 14 | 4600 | 5301 |
| सोयाबीन | 4972 | 3900 | 4350 |
| गैहु | 9048 | 2401 | 2711 |
| चना | 315 | 4710 | 5351 |
| मसुर | 67 | 5221 | 6300 |
| धनिया | 121 | 5401 | 6611 |
| लहसुन | 16000 | 2700 | 9551 |
| मैथी | 671 | 3760 | 5241 |
| मुंगफली | 558 | 4000 | 5015 |
| अलसी | 1093 | 6500 | 7200 |
| सरसो | 273 | 5901 | 6181 |
| तारामीरा | 3 | 5180 | 5259 |
| इसबगोल | 69 | 7601 | 10400 |
| प्याज | 2363 | 220 | 1100 |
| कलोंजी | 16 | 10500 | 19830 |
| तुलसी बीज | 6 | 8899 | 11480 |
| डॉलर | 34 | 5501 | 8001 |
| तिल्ली | 25 | 5301 | 7851 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 46 | 5978 | 6161 |
| चियाबीज | 111 | 7800 | 14001 |

# रजिस्ट्री में नगद लेन-देन आयकर की नजर में..!

## सिस्टम में बदलाव, जिम्मेदारी उप पंजीयक विभाग को

### दो लाख से अधिक के लेन-देन की सूचना सीधे पहुंच रही आयकर विभाग को

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस। अचल संपत्ति खरीदते समय ज्यादातर लोग टोकन मनी के रूप में नकद राशि से लेन-देन करते हैं। बाकी राशि चेक या एनईएफटी करते हैं। नकद भुगतान का कोई रिकॉर्ड नहीं रहता है। अब अचल संपत्ति की खरीदी-बिक्री में अगर 2 लाख से ज्यादा का नकद लेन-देन करने वालों की सूचना आयकर विभाग को मिलने लगी है। पहले किसी को इस की जानकारी नही होने से नगद लेनदेन का काम धड़ल्ले से जारी था। लेकिन, अब जिम्मेदारी उप पंजीयक विभाग की हो गई हैं। इसे लेकर 16 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी कर दिए थे। इसके बाद पक्षकारों ने टोकन मनी देने का सिस्टम बदल दिया है। बता दें कि हर महीने औसत 500 से अधिक रजिस्ट्री होती है, इसमें 80 फीसदी खरीदी-बिक्री में नकद राशि में लेन-देन होता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें कमी आएगी।**

पंजीयक कार्यालय में हर महीने करोड़ों रुपए की रजिस्ट्री होती है। इसमें से अधिकांश कृषि भूमि की रहती है। जिसमें ज्यादातर लोग नकद में लेन-देन करते हैं। सिर्फ इंवेस्टमेंटस करने वाले चेक से लेन-देन करते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश आते ही अब पक्षकार लेन-देन में नकद राशि का उपयोग करने से बच रहे हैं। बता दें कि नकद लेन-देन संबंधी कई मामले कोर्ट में पहुंचते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ऐसे मामलों में कमी आएगी। क्योंकि किसी न्यायालय में 2 लाख या उससे अधिक के नकद भुगतान का दावा किया जाता है तो अदालत को संबंधित क्षेत्र के आयकर अधिकारी को इसकी सूचना देना होती है यानी यह आदेश कैश लेस को बढ़ावा दे रहा है।

#### 100 प्रतिशत जुर्माने का प्रावधान...

कर सलाहकारों के मुताबिक आयकर अधिनियम 1961 की धारा 269 एसटी के तहत यदि एक व्यक्ति से एक लेन-देन में या कई लेन देन में 2 लाख से अधिक नकद प्राप्त किया जाता है तो प्राप्त करने वाले व्यक्ति या संस्था पर 100 प्रतिशत जुर्माना लगाने का प्रावधान है। यह धारा 2017 में शुरू की गई थी। ऐसे लेन-देन को रोकने की जिमेदारी प्राप्तकर्ता पर आती है न कि भुगतान करने वालों पर। वहीं उप पंजीयक कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार 2015 से पहले उप पंजीयक कार्यालय इनकम टैक्स विभाग को जानकारी भेजता था। 30 लाख से अधिक मूल्य के दस्तावेज होने पर उनकी रिटर्न फाइल की जाती है। अभी संपदा का सर्वर सीधे इनकम टैक्स विभाग से मर्ज कर दिया है। ऐसे में हर दस्तावेज की जानकारी सीधे इनकम टैक्स विभाग के पास जा रही है। हमें अलग से डाटा भेजने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दस्तावेजों की खरीदी-बिक्री में नकद लेन-देन कम हुआ है।



## अल्टो की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ के समीप ढाबला गुर्जर के पास फोरलेन रोड पर एक तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला फातिमा बी की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना सोमवार दोपहर 12 बजे की है।दरअसल, आलमगढ़ निवासी साजिद खान अपनी मौसी फातिमा बी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। टक्कर से फातिमा बी को गंभीर चोटें आई। घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यह फोरलेन पर दो दिनों में दूसरी दुर्घटना है। इससे पहले दो युवकों की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

# डाटा अपडेशन में किसी भी प्रकार की देरी पर होगी कार्रवाई-उप मुख्यमंत्री

## डाटा क्लीनिंग एक सतत् प्रक्रिया, अब तक किये गए डाटा सत्यापन में नहीं मिला कोई संदिग्ध कर्मचारी, सभी डीडीओ को समय पर डाटा अपडेट करने के निर्देश

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश के सभी कर्मचारियों के डाटा को समय पर अपडेट करने के निर्देश जिम्मेदार अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि डाटा अपडेशन में देरी पर संबंधित डीडीओ की जिम्मेदारी तय की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि डाटा क्लीनिंग एक्सरसाइज एक सतत् प्रक्रिया है, जिससे सेवानिवृत्त होने वाले, प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले कर्मचारियों, मृत कर्मचारियों एवं अन्य विभिन्न स्थितियों में अन्य स्थानों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का डाटा अपडेट किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों का डाटा सत्यापन किया गया है और अभी तक कोई भी कर्मचारी संदिग्ध नहीं पाया गया है अर्थात किसी भी कर्मचारी को किसी भी प्रकार से कोई भी आर्थिक लाभ नियमों के विपरीत नहीं मिला है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि डाटा क्लीन करने की प्रक्रिया के बाद IFMIS NEXT GEN मे Data Migration करना सुविधाजनक होगा। इससे शुद्ध डाटा की फीडिंग हो सकेगी।



उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि प्रदेश में आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा गठित स्टेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस सेल (SFIC) द्वारा विभिन्न डाटा सेटस का परीक्षण तथा विश्लेषण निरंतर हो रहा है। सरकार द्वारा सुशासन के दृष्टिगत की जाने वाली कार्यवाही में IFMIS डाटा से संज्ञान में आया कि प्रदेश मंव 36 हजार 26 नियमित, 8 हजार 784 गैर नियमित कुल मिलाकर 44 हजार 810 कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं किया गया है। शासन स्तर से वेतन आहरण नहीं होने के कारणों का पता लगाने के लिये निर्देश जारी किये गये। संभावित कारणों की पड़ताल होने पर जांच में सामने आया कि त्यागपत्र देने वाले कर्मचारी, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी, प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले कर्मचारी, बगैर एम्पलाई कोड वाले कर्मचारी और मृत कर्मचारियों का डाटा समय पर अपडेट नहीं होने से कर्मचारियों का डाटा मिसमेच हुआ है। शासन स्तर से इनकी वास्तविक संख्या ज्ञात करते हुए IFMIS में DDO तथा कोषालय अधिकारी स्तर से डेटाबेस में आवश्यक अपडेट कराने के उद्देश्य से समस्त DDO से जानकारी कोषालय अधिकारियों के माध्यम से एकत्रित कर भविष्य में सभी प्रविष्टियां समय पर करने के निर्देश दिये गये हैं। आयुक्त कोष एवं लेखा ने बताया है कि इस सन्दर्भ में ऐसे नियमित एवं गैर नियमित कर्मचारियों की डाटा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई है, जिनका वेतन IFMIS कोषालय प्रणाली से आहरित नहीं हुआ है, (यह अन्य किसी प्रणाली से आहरित हो सकता है यथा प्रतिनियुक्ति, स्थानीय निकाय आदि)। इसके साथ अन्य संभावित कारणों को DDO के माध्यम से एकत्रित किया गया है। आयुक्त कोष एवं लेखा ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या DDO से सत्यापन उपरांत जानकारी विश्लेषण करने पर अभी तक कोई संदिग्ध कर्मचारी परिलक्षित नहीं हुआ है। समस्त ऊऊज को एम्पलाई कोड के समक्ष उपयुक्त flagging करने तथा एग्जिट एंट्री इत्यादि के माध्यम से डेटाबेस अद्यतन करने के निर्देश दिये गये हैं।

# युवती को वॉट्सऐप पर अश्लील फोटो भेजे

### जावरा से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री गिरफ्तार

**रतलाम, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावरा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के पूर्व जिला मंत्री को एक युवती का एडिट किया हुआ अश्लील फोटो वाटसएप पर भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जावरा शहर थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि 35 वर्षीय युवती की शिकायत पर हनुमान गली निवासी आरोपी मोहम्मद रफीक उर्फ मुन्ना पेंटर के खिलाफ बीएनएस की धारा 78(2), 79 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीडिता ने रविवार को परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

#### वॉट्सऐप पर अश्लील फोटो भेजे...

शिकायत के अनुसार, 7 जून को दोपहर में आरोपी ने युवती के वाट्सएप पर दो फोटो भेजे, जिनमें एक अश्लील था। युवती के आपत्ति जताने पर आरोपी ने फोटो डिलीट कर दिए और फिर से बात में विवाद करने उसके घर पहुंच गया।

#### काम के दौरान मोबाइल नंबर लिया...

जांच में सामने आया कि आरोपी ने पीडिता के घर पर रंगरोगन का काम लिया था। इसी दौरान उसने मोबाइल नंबर प्राप्त कर लिया और तब से मैसेज भेज रहा था। शनिवार को आपत्तिजनक फोटो भेजने के बाद रविवार को मामला दर्ज किया गया।

#### मंडल अध्यक्ष बोले- मोहम्मद रफीक पार्टी से निष्कासित...

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि मोहम्मद रफीक वर्तमान में पार्टी में किसी पद पर नहीं है। उन्हें 2022 के निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ नामांकन दाखिल करने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।



# पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में काम करें-कलेक्टर

### पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति की बैठक पशुपतिनाथ मंदिर सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी पर्यटन श्री रविंद्र परमार सहित मध्य प्रदेश पर्यटन निगम, लोक निर्माण एजेंसी, प्रबंध समिति सदस्य मौजूद थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने पशुपतिनाथ लोक निर्माण एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि पशुपतिनाथ लोक निर्माण कार्य जल्द पूर्ण हो इसके लिए मिशन मोड में काम करें। बारिश से पहले शेड निर्माण का कार्य पूर्ण करें। निर्माण कार्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। समस्या आने पर तुरंत बताएं तथा आगे कार्यवाही करें। मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग पूरी तैयारी से इस कार्य में लगे। इसके साथ ही बैठक में श्रावण माह में की जाने वालीं विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। श्रावण माह में मंदिर का समय प्रात: 05:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक पूर्वानुसार निर्धारित रहेगा। अभिषेक, मनोकामना अभिषेक प्रतिवर्षानुसार सोमवार, रविवार, हरियाली अमावस्या, नाग पंचमी एवं अन्य विशेष त्योहार पर गर्भगृह में प्रवेश नही दिया जा सकेगा, दर्शनार्थी बाहर से दर्शन का लाभ ले सकेगें। मनोकामना अभिषेक पुर्वानुसार मंदिर समिति द्वारा मनोकामना अभिषेक श्रावणमास में किया जाता है जो प्रात: 08:00 बजे से 10:00 बजे तक संस्कृत पाठशाला के वेदपाठी ब्राम्हण तथा आचार्य श्री ज्ञानी द्वारा कराया जाएगा जिसका शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया। यात्रियो के ठहरने की व्यवस्था, श्रावण माह में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। घाट पर स्नान व्यवस्था, पेयजल, सफाई एवं मंदिर पँहुच मार्ग चन्द्रपुरा, खिलचीपुरा, पुरानी पुलिया, नवीन पुलिया, महू नीमच रोड पर स्थित गेट व चौराहे की तथा मंदिर सिंहद्वार चौराहे की स्ट्रीट लाईट की दुरूस्ती तथा मंदिर परिसर स्थित हाईमास्ट की दुरूस्ती करना एवं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा करवाना साथ ही घाट की सफाई आदि व्यवस्थाओं हेतु नगर पालिका को निर्देश दिए गए। एमपीईबी विभाग को निर्देश दिए गए की सभी विद्युत कनेक्शन चेक करें। श्रावण माह में निरन्तर विद्युत व्यवस्था बनाए रखे।

भोजनशाला के लिए कैफेटेरिया स्थित गोलकार हॉल एव किचन परिसर मंदिर प्रबंध समिति किराये पर उपलब्ध कराये। जहां से यात्रियों को स्वलपाहार / भोजन आदि निर्धारित दरों पर उपलब्ध हो सके। यात्रियों को उचित दाम पर अच्छा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराए। पूजा अभिषेक का शुल्क इस प्रकार रहेगा जिसमें पूजा सामग्री सहित 200 रुपए। वाहन पूजा सामग्री सहित 200 रुपए। अभिषेक 500, श्रृंगार भोग अभिषेक 2100, हनुमान जी का चोला 500/ 1100 एवं हवन 500 रुपए शुल्क रहेगा। दुकान किराया में प्रति वर्ष नियमानुसार निर्धारित दर पर बढोतरी करें। दुकान हस्तांतरित करने पर 25 प्रतिशत किराए में वृद्धि करें। इसके साथ ही मंदिर में गार्ड संख्या बढोतरी करने, नवीन आवेदनों का चरित्र सत्यापन करने, गार्ड रूम एवं चौकी निर्माण पर चर्चा की गई। मंदिर में मल्टी परपज एंबुलेंस की व्यवस्था करने पर विचार किया गया।



# भगवान के अवतरण से वस्तुए बदल जाती है-स्वामी ज्ञानानंद जी

**मनासा, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** मनुष्य के जीवन में भाव तभी तक है अशान्ति और असंतोष भी तभी तक है जब तक उसके भीतरी भावों मे आध्यात्म और ईश्वर की शरणागति नहीं उतरती। भाव जब दृष्टा भान में बदलता है तो जीवन में शांति-संलोप निर्बाध के भाव सहज ही बहने लगते उसी तरह जैसे भगवान कृष्ण अवतरित हुए तो पृथ्वी के मौसम और चन्द्रमा की स्थिति तक परिवर्तित हो गई। वर्षा ऋतु में बसंत आ गया चन्द्रमा पूर्ण अवतरित हुआ। सगुण निर्गुण के भेद मिट गए, यमुना ने राह दे दी। उपरोक्त आशय के विचार स्वामी श्री की पृष्य समृति में श्री मद भागवत के प्रथम दिवस की कथा के श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग में स्वामी ज्ञानानंदजी ने अल्देसा रिसोर्ट में बोलते हुए व्यक्त किए।

# सामान बेचते-बेचते दुकानदार की मौत

### पुलिस ने अपने कब्जे में लिया शव, अब हर पहलू से होगी जांच

**मनासा, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** आरोग्यधाम भादवा माता में एक दुकानदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान सिंगोली थाना क्षेत्र के लवा निवासी शिवलाल (48) के रूप में हुई है। शिवलाल रविवार दोपहर अपनी दुकान पर थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही नीमच सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। सोमवार सुबह बड़े अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों में प्राकृतिक मौत, बीमारी या अन्य संदिग्ध कारणों की संभावना तलाशी जा रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। रिपोर्ट में संदिग्धता मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजन इस आकस्मिक क्षति से सदमे में हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

# मंदसौर जिले में मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** मीडिएशन एवं कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमिटी, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन में न्यायिक अधिकारियों हेतु 40 घंटे की मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 09 जून से 13 जून 2025 तक रितुवन होटल, मंदसौर में किया जा रहा है।



इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय श्री कपिल मेहता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने मीडिएशन को न्यायिक प्रक्रिया में एक प्रभावी, समयबद्ध एवं सुलभ समाधान के रूप में रेखांकित किया और प्रतिभागी अधिकारियों को वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में नीमच, मंदसौर, उज्जैन, रतलाम, धार, देवास एवं आगर-मालवा जिलों से आए लगभग 30 न्यायिक अधिकारियों को मीडिएशन के विविध आयामों पर 40 घंटे का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सुप्रीम कोर्ट स्थित एमसीपीसी के वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर श्रीमती प्रमिला आचार्य एवं श्री शाहिद मोहम्मद द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण, केस स्टडीज एवं इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से दक्ष किया जावेगा। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) श्री अजय कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मंदसौर जिले में पदस्थ समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता दर्शाई।

# संभाग केसरी कुश्ती एवं वेट चेम्पियन प्रतियोगिता 13 से

**मनासा, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ एवं श्री पंचमुखी बजरंग व्यायाम शाला मनासा के तत्वावधान में तीन दिवसीय संभाग केसरी कुश्ती एवं वेट चेम्पियन प्रतियोगिता का होगा भव्य आयोजन। इण्डियन स्टाईल कुश्ती संघ जिला संरक्षक नारायण सोमानी, जिला अध्यक्ष लाला भाई चौहान, जिला सचिव उस्ताद घीसालाल भेरावत सहित पदाधिकारियों की उपस्थिति में कृषि उपज मंडी मनासा में दिनांक 13 जून 2025 शुक्रवार से 15 जून 2025 रविवार तक तीन दिवसीय संभाग केसरी कुश्ती एवं वेट चेम्पियन प्रतियोगिता में 65 किलो से अधिक वजन वाला पहलवान संभाग केसरी में भाग लेगा साथ ही प्रथम आने वाला पहलवान को 21 हजार, द्वितीय 11 हजार, तृतीय 5 हजार रूपये नगद पुरस्कार मुख्यअतिथियों के हाथो दिया जाएगा। संभाग वेट चेम्पियन में वेट 40-



45 मे आने वाले विजेता को 1500 रूपये, उपविजेता को 1100 रूपये, वेट 45-50 में विजेता को 2000 उपविजेता को 1100 रुपये, वेट 50-55 में विजेता को 2100 उपविजेता को 1100 रूपये, वेट 55-60 में विजेता को 3001 उपविजेता को 1500 रूपये, वेट 60-65 में विजेता 5000 उपविजेता को 2500 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा। 65 किलो वेट से अधिक वाला पहलवान संभाग केसरी में भाग लेगा। इण्डियन कुश्ती संघ जिला संरक्षक नारायण सोमानी जावद, अध्यक्ष लाला भाई चौहान मनासा, सचिव उस्ताद घीसालाल भेरावत जावद, उपाध्यक्ष शंकर सुराह पहलवान बघाना, सहसचिव कमल पहलवान नीमच, कोषाध्यक्ष इमरान खान राजा भैया नीमच सहित जिला पदाधिकारियों ने कहा इसके लिए तैयारियां जौरो पर चल रही है साथ ही नीमच, जावद, मनासा एवं आस पास क्षेत्रो के पहलवानो, उस्तादगणो, कुश्ती प्रेमियों से निवेदन किया है कि मनासा में होने वाला संभाग केसरी कुश्ती एवं वेट चेम्पियन प्रतियोगिता के इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हेतु आवेदन ऑनलाइन करे

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्रीमती गरिमा पाटीदार द्वारा बताया गया कि, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को त्वरित लाभ प्रदान करने हेतु विशेष अभियान 'मिशन सबको आवास' प्रारंभ किया गया है।

जिसमे बीएलसी घटक हेतु मिशन सबको आवास प्रारंभ किया गया है। जिसमें 30 जून 2025 तक प्राप्त सभी ऑनलाइन आवेदनों को लाभ प्रदान किया जाएगा। नवीन आवास के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।आवेदन लिंक https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx या क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने संबंधित नगरीय निकाय के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत जिले के 109 अधिकारी एवं कर्मचारियों की जांच की

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुशासन भवन मंदसौर में नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला अधिकारी, कर्मचारियों की जांच की गई। जिले के 109 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 75 अधिकारी एवं कर्मचारी के जॉच हेतु सेंपल एकत्रित किये गये। जिले के समस्त जिला अधिकारी एवं कलेक्टर कार्यालय के समस्त स्टॉफ की स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत जांच की गई। जांच ए.एन.एम, सीएओ, नर्सिग ऑफिसर, लेब टेक्नीशियन द्वारा की गई। आमजन से अपील है कि पुरुष में कमर की माप 90 सेंटीमीटर से अधिक तथा महिलाओं में 80 सेंटीमीटर से अधिक होने और बी.एम.आई 23 से अधिक होने पर तत्काल शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं मे अपनी जॉच जरूर करवाये। स्वस्थ यकृत मिशन का उद्वेश्य 30 से 65 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में यकृत संबंधी जोखिम की शीघ्र पहचान करना, परामर्श करना एवं उचित रैफरल करना है।

# पेयजल के शेष कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण करे-संयुक्त सचिव

### केन्द्रीय दल ने किया पीएचई, जल जीवन मिशन, जिला पंचायत, वन के कार्यों की समीक्षा

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** अल्पसंख्य कार्य मंत्रालय भारत सरकार श्री पवन कुमार एवं केंद्रीय भूजल वैज्ञानिक श्रीमती सौम्या सिद्धार्थ ने पीएचई, जल जीवन मिशन, जिला पंचायत के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, डीएफओ श्री संजय रायखेरे, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, पीएचई, जल जीवन मिशन, जन संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मंदसौर की 186 ग्रामों की एकल स्वीकृत ग्राम योजना अंतर्गत 166 योजना पूर्ण की गई। जिसमें से 135 योजनाएँ संचालन /संधारण हेतु संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तानान्तरित की गई तथा 143 योजनाओं को हर घर जल प्रमाणित किया गया। 20 योजनाओं के कार्य प्रगति पर है। जिन्हे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्य की निगरानी, सुपरविजन क्वालिटी कंट्रोल एजेंसी तथा थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी कर रही है। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक कार्य पूर्ण करे, जिससे सभी लक्षित परिवारों को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए इंटेकवेल के साथ पम्प हाउस, जल शुद्धीकरण संयत्र, ओव्हर हेड टेंक, पाईप लाईन बिछाने का कार्य तथा सड़क सुधार आदि के कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन, रेल्वे, एनएचएआई, एमपीआरडीसी और एमपीआर आरडीए जैसे विभागों से स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी है, वो काम जल्द पूर्ण करे। केंद्रीय दल द्वारा जल प्रदाय योजना का आगामी दो दिनों में निरीक्षण किया जायेगा।

# बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाइए-बीके गिरीश

**मंदसौर, 09 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजिय पांच दिवसीय आध्यात्मिकता के पथ पर जीवन उत्सव में प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर वक्ता एवं कॉरपोरेट ट्रेनर ईवी गिरीश भाई ने कहा की कर्मेन्द्रियों के बिना यदि आप खुश हैं तो वह सची और आंतरिक ख़ुशी है। मनुष्य आज छोटी-छोटी परेशानियों को लेकर दु:खी है, बीमारों से अस्पताल भरे पड़े हैं, क्रोध,आवेश के शिकार हैं।



ईवी गिरीश भाई स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे आडिटोरियम में आयोजित पांच दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन बोल रहे थे। इस अवसर पर आत्म कल्याण भवन की संचालिका बीके उषा ,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठौर, वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, राजेन्द्र चास्टा विशेष रूप से उपस्थित थे। ईवी गिरीश ने कहा कि मनुष्य का जीवन सो-दो सौ पांच सौ लोगो को खुश करने के लिए दुखी है। हमारे आराध्य देवी देवताओं का पूरा जीवन ही संघर्षमय रहा,जन्म से लेकर मृत्यु तक श्रीकृष्ण का जीवन संघर्ष मय रहा लेकिन एक वाक्या ऐसा नही है जब श्री कृष्ण दुखी रहे हो। मुस्करा कर उन्होंने प्रत्येक परिस्थिति का सामना किया। क्या हमारे बचे परीक्षा से पहले मानसिक रूप से परेशान ना हो ऐसा हो सकता है ? हमारे जीवन मे आने वाली परेशानी से हम चिंतित ना हो ऐसा हो सकता है? आवश्यकता है हमारे चिंतन की धारा को नियंत्रित करने का, इसे सकारात्मकता की और ले जाना पड़ेगा। आपने कहा कि बच्चों को सिर्फ चाहिए-चाहिए मत सिखाइये, धेर्य रखना सिखाइए,बच्चें का आत्म विश्वास बढ़ाइए। आपने कहा कि स्वामी विवेकानंद, अब्दुल कलाम, लता मंगेशकर सभी के जीवन मे बहुत संघर्ष था लेकिन वे मानसिक बीमार नही हुए, रतन टाटा असफल होकर मानसिक अवसाद के शिकार नही हुए लेकिन हम बच्चा फेल हो जाये तो भी मुस्करा नही रहे क्योकि मानसिक रुप से हम मजबूत नहीं है। ईवी गिरीश भाई ने कहा कि बच्चें को डराइये मत ,चिंताओं को छोडिए और मानसिक रूप से उसे मजबूत बनाइये,मन पर खुद का नियंत्रण करना सिखाइये। प्रारंभ में ब्रह्माकुमारी बहनों ने स्वागत किया। नगर के गणमान्य जनों ने ईवी गिरीश भाई का सम्मान किया। समारोह का संचालन बीके हेमलता ने किया।

A JAY SENDHAV A DVO C AT E
Office: 12, Chamunda Complex, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Email: as71708@gmail.com Mob. No.- 97534-41943
Residence: 613, LIG III Mukharji Nagar, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001 Mob. No. 93000-30939

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार - 01 श्री राधेश्याम चमार पिता श्री भुवन, 02. श्री सुरेन्द्रसिंह पिता श्री गोविन्दसिंह, निवासी-ग्राम कुंताखेड़ी, तहसील-सीतामऊ व जिला मंदसौर(म.प्र.) के द्वारा उनके मालीकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो की ग्राम आबादी सर्वे क्रमांक 260, मकान/भूखंड क्रमांक 92, ग्राम कुंताखेड़ी, ग्राम पंचायत कुंताखेड़ी, तहसील सीतामऊ व जिला मंदसौर (म.प्र.) प.ह. क्रमांक. 10, जिसका कुल क्षेत्रफल-1022.2Sq. Ft. (95.00 Sq. Mitr.) है उस पर श्री राधेश्याम चमार पिता श्री भुवन निवासी-ग्राम कुंताखेड़ी, तहसील सीतामऊ व जिला मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा हक त्याग किया है। जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED CO-OWNERSHIP DEED) क्रमांक - MP15IGR17852025A100402186, दिनांक 02.06.2025 है, तथा उक्त संपत्ति को मॉर्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है।**

**यह की उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहीर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस मे मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करे, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी की भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।**

**देवास — अजय संधव, एडवोकेट**
**दिनांक : 06.06.2025 — 12, चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in